प्रेषक,

टी0एन0सिंह,
अपर सचिव,वित्त,
उत्तरांचल शासन।

संख्या /वि0अनु0–1/2004

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,
उत्तरांचल ।

वित्त अनुभाग- 1

देहरादून,दिनांक: 03 जुलाई,2004

विषयः माह जून एवं जुलाई,2004 के वेतन आहरण के सम्बन्ध में ।

महोदय,

कृपया शासनादेश संख्या–394/वि0अनु0–1/2004,दिनांक 29 मई,2004 का संदर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा माह मई,2004 का वेतन बजट आवंटन की प्रत्याशा में आहरित करने के निर्देश निर्गत किये गये थे। शासन के संज्ञान में यह तथ्य आया है कि अधिकतर आहरण वितरण अधिकारियों को बचनबद्ध मदों का बजट उपलब्ध नही कराया गया है ।

इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि माह जून एवं जुलाई,2004 का वेतन जो क्रमशः माह जून एवं जुलाई 2004 के अन्त में देय है,का आहरण कोषागारों द्वारा लेखानुदान में दर्शाये गये सुसंगत लेखाशीर्षक के अन्तर्गत बजट आवंटन की प्रत्याशा में आवंटित कर दिया जाय।संबंधित आहरण वितरण अधिकारी तत्काल संबंधित विभागध्यक्ष /बजट अधिकारी लेखानुदान की अवधि (01 अप्रैल,2004 से 31 जुलाई,2004 तक) का बजट प्राप्त करना सुनिश्चित करेंगे,जिससे अन्य बचनबद्ध मदों में समय से भुगतान सुनिश्चित किया जा सके ।

बजट आवंटन की प्रत्याशा में वेतन आहरित करने के आदेश अन्तिम बार निर्गत किये जा रहे हैं अतः प्रशासकीय विभागों का यह उत्तरदायित्व होगा कि बचनबद्ध मदों का बजट समय से विभागाध्यक्षों के निर्वतन पर रखा जाना सुनिश्चित करायेंगे ।

भवदीय,

(टी0 एन0 सिंह)
अपर सचिव,वित्त ।

संख्या 4930/वि0अनु0–1/2004तद्दिनांकः

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः

1. समस्त प्रमुख सचिव/सचिव,उत्तरांचल शासन ।
2. समस्त विभागाध्यक्ष/बजट नियंत्रक अधिकारी,उत्तरांचल।
3. समस्त वरिष्ठ कोषाधिकारी/कोषाधिकारी,उत्तरांचल ।
4. निदेशक, एन0आई0सी0 उत्तरॉचल ।
5. निजी सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी ।

आज्ञा से

(टी0 एन0 सिंह)
अपर सचिव,वित्त